# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा 2026' के नौवें संस्करण के लिए अब तक 1 करोड़ सताईस लाख अड़तीस हजार पांच सौ छत्तीस से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम में "परीक्षाओं को उत्सव बनाएं", "हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान", "पर्यावरण बचाएं" और "स्वच्छ भारत" शामिल हैं।

**********************

रांची में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस 2025 "" में रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ शामिल हुए। इस कार्यक्रम में देशभर से रोटरी से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर संजय सेठ ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने का आह्वान किया।

**********************

इस महीने की 26 तारीख़ से रेल किराए को युक्तिसंगत बनाया जा रहा है। सामान्य श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से वृद्धि की जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर 2 पैसे प्रति किलोमीटर होगी। उप–नगरीय इलाक़ों और मासिक सीजन टिकट के किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है। रेलवे के अनुसार, किराए में वृद्धि से लगभग 6 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। रेलवे ने बताया कि पिछले दशक में रेल ढांचे में काफी वृद्धि हुई है और बेहतर संचालन के लिए जनशक्ति बढ़ाई जा रही है।

**********************

बोकारो जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने बेटियों के जन्म लेने पर लोगों से उनके घर फल मिठाई और गुलदस्ता उपहार देने की सलाह दीं हैं।

**********************

रांची नगड़ी में रंगदारी नहीं देने पर एक ज़मीन कारोबारी के घर के बाहर अपराधियों द्वारा फायरिंग की घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि रंगदारी की मांग के समय एफ़ आई आर दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने न तो अपराधियों को पकड़ा और न ही कारोबारी को सुरक्षा दी, जबकि घटना के बाद गिरोह सरगना ने वीडियो जारी कर जिम्मेदारी भी ली। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार ने पुलिस को निष्क्रिय बना दिया है, जिससे राज्य में कानून–व्यवस्था बिगड़ रही है और झारखंड को जंगलराज की ओर धकेला जा रहा है।

**********************

जेएमएम के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने आज साहिबगंज में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि 15 जनवरी तक बंद रेलगाड़ियों के परिचालन, ट्रेनों में सुविधा विस्तार और ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर जिला वासियों और व्यवसायियों द्वारा आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राजमहल–मानिकचक घाट को जोड़ने वाले गंगा पुल का निर्माण 2026 में शुरू नहीं हुआ तो अदानी पावर को कोयला और गंगा जल की आपूर्ति रोक दी जाएगी।

*********समाप्त*********